डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

नई दिल्ली, 28.12.2015

प्रेस रिलीज़

डीएफसीसीआईएल कॉर्पोरेट कार्यालय को मिली 5 स्टार बीईई रेटिंग

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय को 5 स्टार बीईई रेटिंग प्रदान की गई है। कार्यालय में ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाने के लिए डीएफसीसीआईएल को यह उच्चतम रेटिंग 22 दिसंबर 2015 को दी गई। यह रेटिंग ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, विद्युत मंत्रालय की तरफ से प्रदान की जाती है। इससे पहले इसी ब्यूरो ने 2012 में डीएफसीसीआईएल क़ॉर्पोरेट कार्यालय को 4 स्टार रेटिंग प्रदान की थी। पिछले तीन-चार वर्षों के दौरान डीएफसीसीआईएल ने विद्युत ऊर्जा बचाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप उसने ऊर्जा निष्पादन सूचकांक (ईपीआई) में 85 अंक अर्जित किए। 50 प्रतिशत से ज़्यादा वातानुकूलित क्षेत्र वाले भवनों में 5 स्टार रेटिंग हासिल करने के लिए सूचकांक 90 के नीचे होना चाहिए। इस उपलब्धि के साथ ही डीएफसीसीआईएल देश के उन चुनिंदा कार्यालय भवनों में शामिल हो गया है, जिन्हें 90 प्रतिशत से ज़्यादा वातानुकूल क्षेत्र के बावजूद 5 स्टार बीईई रेटिंग प्राप्त है।

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) रेल मंत्रालय के अधीन स्थापित एक विशेष प्रयोजन संस्था है। डीएफसीसीआईएल पहले चरण में पूर्वी और पश्चिमी कोरीडोरों के नियोजन, निर्माण, परिचालन और रख-रखाव का कार्य कर रही है। 1840 किलोमीटर लंबा पूर्वी कोरीडोर पंजाब के लुधियाना से पश्चिम बंगाल के दानकुनी के बीच बनाया जा रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश के दादरी से मुंबई स्थित जवाहर लाल नेहरू पोर्ट के बीच बन रहे पश्चिमी कोरीडोर की लंबाई 1502 किलोमीटर है।

संलग्न- डीएफसीसीआईएल कॉर्पोरेट कार्यालय की फोटोग्राफ

प्रकाशनार्थ/प्रसारणार्थ

राजेश खरे
उप-महाप्रबंधक
जन संपर्क
डीएफसीसीआईएल
0971763688

सोशल मीडिया पर हमसे जुड़ें- www.facebook.com/dfccil.india, www.twitter.com/dfccil_india

नई दिल्ली स्थित डीएफसीसीआईएल का कॉर्पोरेट कार्यालय